भारतीय खेल प्राधिकरण ने छत्तीसगढ़ में दी 7 खेलों इंडिया सेंटर की मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ में खेलों इंडिया स्कीम के तहत सात खेलो इंडिया केंद्रों की स्थापना की मंज़ूरी दी गई है। ये सातों केंद्र अलग-अलग ज़िलों में एक-एक खेल के लिये खोले जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आर्चरी और हॉकी के लिये दो-दो केंद्रों, वालीबॉल, मलखंब और फुटबॉल के लिये एक-एक केंद्र की मंज़ूरी दी गई है।
- भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा शिवतराई (बिलासपुर) और बीजापुर में तीरंदाज़ी सेंटर, राजनांदगांव और जशपुर में हॉकी सेंटर, गरियाबंद में वालीबॉल सेंटर, नारायणपुर में मलखंब सेंटर तथा सरगुजा में फुटबॉल खेल के लिये खेलो इंडिया सेंटर प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई है।
- इन केंद्रों में संबंधित खेलों के छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का चयन कर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कोचों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन केंद्रों की स्थापना के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगा।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य में खेलों का प्रशिक्षण अब और मज़बूत होगा तथा राज्य के खिलाड़ियों को अब अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा।
- उन्होंने कहा कि यह 'खेलबो जीतबो गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की परिकल्पना को साकार करने में एक और सार्थक कदम सिद्ध हुआ है।
- प्रत्येक खेल के स्थानीय सीनियर खिलाड़ियों को सेंटर से जोड़ा जाएगा, उन्हें प्रशिक्षक के रूप में कार्य करने के लिये मानदेय भी दिया जाएगा। सभी खेलो इंडिया सेंटर्स में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का बराबर प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित किया जाएगा। इन सेंटर्स को भारतीय खेल प्राधिकरण के पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-for-7-khelo-india-center